MP BIRLA GROUP

**Birla Corporation Limited**
Industry House, 2nd Floor
159 Churchgate Reclamation
Mumbai 400 020 India
P1 +91 22 4343 5400
P2 +91 22 2204 3615

**Ref: BCL/Bikram/FC/08/21** **Date: 01.06.2021**

**प्रति,**

**श्रीमान् अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,**
**(भू-प्रबंध) सतपुड़ा भवन,**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

**विषय:-** **वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के अंतर्गत संस्थाओ द्वारा नोडल अधिकारी स्तर पर प्राप्त होने वाले ऑनलाइन प्रस्ताव के सम्बन्ध में। Diversion of 151.095 hectare land for Bikram Coal Mining of Lease.**

**संदर्भ:-** **आपके कार्यालय का पत्र क्रमांक/एफ-1/FP/MP/MIN/49537/2020/3020 दिनांक 10.09.2020**

**===== 0000 =====**

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक संस्थान द्वारा जिला-शहडोल में बिक्रम कोयला खदान के कुल वनभूमि 151.095 हेक्टेयर का ऑनलाइन प्रत्यावर्तन प्रस्ताव फार्म-ए अपलोड किया गया है, जिसमें आपके द्वारा वनभूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव का परीक्षण कर संदर्भित पत्र के माध्यम से 7 बिन्दुओं पर कमियां पाई गयी है। उक्त समस्त बिन्दुवार कमियां को पूर्ण कर लिया गया है जिसका बिन्दुवार पालन प्रतिवेदन निम्नलिखित है :-

| क्र. | कमियाँ | पालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|
| 1. | अनुक्रमांक C-(ii)(a) में अपलोड KML File रकबा 246.00 हेक्टेयर की गई है जो सही नहीं है, इसमें 151.095 हेक्टेयर की KML File अपलोड की जावे। | आवेदक संस्थान द्वारा 151.095 हेक्टेयर की KML File ऑनलाइन प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के बिन्दु अनुक्रमांक C-(ii)(a) में अपलोड कर दिया गया है। |
| 2. | अनुक्रमांक C-(iv) में रकबा 151.095 हेक्टेयर से अधिक का जियो रिफरेन्स मानचित्र अपलोड है। अतः इसमें 151.095 हेक्टेयर का जियो रिफरेन्स मानचित्र जी.पी.एस. प्वाइंट की रीडिंग सहित अपलोड किया जावे। | आवेदक संस्थान द्वारा 151.095 हेक्टेयर का जियो रिफरेन्स मानचित्र जी.पी.एस. प्वाइंट की रीडिंग सहित ऑनलाइन प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के बिन्दु अनुक्रमांक C-(iv) में अपलोड कर दिया गया है। |
| 3. | अनुक्रमांक G-(i) में कास्ट बेनिफिट एनालिसेस रिपोर्ट भारत सरकार द्वारा निर्धारित नये प्रपत्र में नहीं भरा गया है। अतः इसे नये निर्धारित प्रपत्र में भरें। | आवेदक संस्थान द्वारा कास्ट बेनिफिट एनालिसेस रिपार्ट नये प्रपत्र में तैयार कर ऑनलाइन प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के बिन्दु अनुक्रमांक G-(i) में अपलोड कर दिया गया है। |
| 4. | अनुक्रमांक L-(iv)(c) में क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली गैरवनभूमि की केवल बाउण्ड्री की KML File अपलोड की जावे। यह भूमि वन मंडल रींवा में भी प्रदर्शित हो रही है | आवेदक संस्थान द्वारा क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली गैरवनभूमि की केवल बाउण्ड्री ऑनलाइन प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के बिन्दु अनुक्रमांक L-(iv)(c) में अपलोड कर दिया गया है तथा संस्थान द्वारा रींवा वनमण्डल अन्तर्गत ग्राम-कोनी की |

MP BIRLA GROUP

**Birla Corporation Limited**
Industry House, 2nd Floor
159 Churchgate Reclamation
Mumbai 400 020 India
P1 +91 22 4343 5400
P2 +91 22 2204 3615

<table>
<tr><td></td><td>इसका भी परीक्षण कर लेवे।</td><td>गैरवनभूमि को बिक्रम कोयला खदान के वनभूमि व्यपवर्तन में वैकल्पिक भूमि के रूप में किसी कारणवश प्रदान नहीं किया जा रहा है। प्रत्यावर्तन प्रस्ताव में आवेदक संस्थान को वनभूमि के एवज में कुल 114.372 हेक्टेयर गैरवनभूमि उपलब्ध कराना है। उपलब्ध करायी जा रही गैरवनभूमि का विवरण निम्नानुसार है :-
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>ग्राम</th><th>वनमण्डल</th><th>परिक्षेत्र</th><th>रकबा (हे.में)</th></tr>
<tr><td>1</td><td>रोझौहीं</td><td>रीवा</td><td>सिरमौर</td><td>22.376</td></tr>
<tr><td>2</td><td>छिनमार</td><td>दक्षिण शहडोल</td><td>केशवाही</td><td>55.811</td></tr>
<tr><td>3</td><td>लछनपुरा</td><td>सागर</td><td>खुरई</td><td>36.430</td></tr>
<tr><td colspan="4">योग =</td><td>114.617</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>5.</td><td>अनुक्रमांक L-(v) में क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु उपलब्ध कराई जा रही गैरवनभूमि के तीनों पेंचस के जियो रिफरेन्स मानचित्र कोर्डिनेट्स प्वाइंट सहित तैयार कर इस बिन्दु में अपलोड करें।</td><td>आवेदक संस्थान द्वारा क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु उपलब्ध कराई जा रही गैरवनभूमि के तीनों पेंचस के जियो रिफरेन्स मानचित्र कोर्डिनेट्स प्वाइंट सहित तैयार कर ऑनलाइन प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के बिन्दु अनुक्रमांक L-(v) पर अपलोड कर दिया गया है।</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>अनुक्रमांक L-(vi) में क्षतिपूर्ति वनीकरण संबंधित अपलोड सर्वे ऑफ इंडिया का मानचित्र अधूरा अपलोड किया गया है, इसे पूरे मानचित्र में प्रस्तुत किया जावे।</td><td>आवेदक संस्थान द्वारा क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु उपलब्ध उपलब्ध कराये जा रहे गैरवनभूमि को सर्वे ऑफ इंडिया मानचित्र में कोर्डिनेट्स प्वाइंट के साथ प्रदर्शित किया गया है एवं मैप का सम्पूर्ण भाग ऑनलाइन प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के इस बिन्दु अनुक्रमांक L-(vi) पर अपलोड कर दिया गया है।</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>अनुक्रमांक M-2(vii) में रकबा 246.00 हेक्टेयर भूमि की KML File प्रदर्शित हो रही है इसमें कोल ब्लॉक 239.00 हेक्टेयर की KML File अपलोड की जावे।</td><td>आवेदक संस्थान द्वारा बिक्रम कोयला खदान की खनन क्षेत्र रकबा 239.00 हेक्टेयर की KML File ऑनलाइन प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के इस बिन्दु अनुक्रमांक M-2(vii) पर अपलोड कर दिया गया है।</td></tr>
</table>

संस्थान द्वारा उपरोक्त समस्त बिन्दुवार कमियों को पूर्ण कर ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। अतः श्रीमान् जी से अनुरोध है कि बिक्रम कोयला खदान के प्रत्यावर्तन प्रस्ताव में आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

सधन्यवाद !

Digitally signed by SANDEEP KUMAR JAIN
Date: 2021.06.01 18:45:35 +05'30'

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**संदीप कुमार जैन**
**बिक्रम कोयला खदान**
**मेसर्स बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड**